कोटद्वार, मंगलवार
3 मार्च 2026
वर्षः 48
अंकः 276 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### विदेशी मुद्रा में मुनाफे का झांसा देकर 68 लाख ठगे

रुद्रपुर। नैनीताल के एक रेस्टोरेंट कारोबारी से विदेशी मुद्रा में निवेश कर मुनाफे का झांसा देकर 68 लाख की साइबर ठगी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम थाना पंतनगर ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, नौकुचियाताल नैनीताल निवासी राजेन्द्र कुमार पंत ने बताया कि नैनीताल में उनका खुद का एक रेस्टोरेंट है। अक्तूबर 2025 में फेसबुक के माध्यम से उनकी पहचान रिचा सचदेवा नाम की एक महिला से हुई। महिला ने स्वयं को निवेश कंपनी का मार्केटिंग और फोरेक्स ट्रेडिंग सलाहकार बताया और विदेशी मुद्रा में निवेश पर भारी मुनाफा दिलाने का दावा किया। उसने व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से लगातार संपर्क बनाए रखा। कंपनी का लोगो और ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म दिखाकर विश्वास दिलाया कि निवेश पूरी तरह सुरक्षित और लाभकारी है। झांसे में आकर उन्होंने 23 अक्तूबर 2025 से 13 फरवरी 2026 के बीच 11 अलग–अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 68 लाख 4 हजार 800 रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। यह धनराशि देश के अलग–अलग बैंकों में संचालित खातों में भेजी गई। पीड़ित के अनुसार, जब उन्होंने निवेश की गई राशि और मुनाफा निकालने का प्रयास किया तो साइबर ठग ने टैक्स, मार्जिन मनी, एक्सचेंज फीस और अन्य शुल्क के नाम पर अतिरिक्त धनराशि की मांग शुरू कर दी।

### पुरानी गंगनहर पुल के नीचे मिला नवजात भ्रूण

रुड़की। कलियर में पुरानी गंग नहर किनारे पुल के नीचे एक नवजात शिशु का भ्रूण बरामद हुआ। चादर में लपेटकर भ्रूण को पुल से नीचे फेंका गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह कलियर पुरानी गंगनहर किनारे नीचे राहगीर ने एक गठरी पड़ी हुई देखी। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब चादर की गठरी को खोला तो भीतर चादर में लिपटा हुआ भ्रूण नजर आया। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। वहीं पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### लालतप्पड़ में बेकाबू कार पलटी, तीन घायल

ऋषिकेश। दून–हरिद्वार नेशनल हाईवे पर लालतप्पड़ में एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसके बाद कार में आग लग गई। आसपास के होटल संचालक मौके पर दौड़े और कार के इंजन में लगी आग को बुझाया। हादसे में कार सवार एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से जौलीग्रांट के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम करीब चार बजे यह हादसा हुआ। चश्मदीदों ने बताया कि चालक को झपकी आने के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना हुई। कार के बोनट में इंजन में आग लगने पर फौरन नजदीक ही खैरा ढाबा के कर्मचारी करमजीत सिंह ने फायर सिलेंडर से आग को बुझाया। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को भी संभाला। इसके बाद उन्हें आपात सेवा के माध्यम से जौलीग्रांट के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। लालतप्पड़ चौकी प्रभारी विनय मित्तल ने बताया कि घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।


### सड़क हादसे में कैंटर चालक की मौत

काशीपुर। गदरपुर के पास रविवार रात भूसे से भरे ट्राले और कैंटर की भिड़ंत में कैंटर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यूपी के ग्राम ईलर ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद निवासी 28 वर्षीय राहुल पुत्र राम प्रसाद कैंटर चालक था। बीते एक मार्च की रात को अपना कैंटर रुद्रपुर लेकर जा रहा था। इसी दौरान गदरपुर के पास भूसे से भरे ट्राले से कैंटर की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने से कैंटर चालक राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल राहुल को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार सुबह राहुल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# अमित शाह हरिद्वार में करेंगे चुनावी शंखनाद

## 'जन जन की सरकार' नारे से भाजपा का अभियान

देहरादून। आम जन के दुख–दर्द और उनकी समस्याओं को जानने–समझने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहाड़ से लेकर मैदान तक सक्रियता ही अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार का मुख्य हथियार बनने जा रही है। सात मार्च को हरिद्वार आ रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जन जन की सरकार, चार साल बेमिसाल के नारे के साथ चुनावी शंखनाद कर सकते हैं। शाह के दौरे के दौरान जनसभा स्थल पर ही भारतीय न्याय संहिता के तीन कानूनों के क्रियान्वयन के साथ धामी सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। भाजपा के सामने अगले विधानसभा चुनाव में हैट–ट्रिक की चुनौती है। इस चुनौती को भांपकर ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने कार्यकाल के दौरान दोनों मंडलों



कुमाऊंएवं गढ़वाल के पर्वतीय एवं मैदानी हिस्सों में लगातार सक्रिय रहे हैं। उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के कार्यक्रमों की शृंखला के तुरंत बाद धामी सरकार ने 45 दिनों तक गांव–गांव तक पहुंचने के लिए जन जन की सरकार, जन जन के द्वार अभियान को संचालित किया। न्याय पंचायत स्तर तक लगने वाले शिविरों के माध्यम से ग्रामीण जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक मशीनरी उनके पास पहुंची। गांवों में यह पहल सफल होने के बाद अब इसे शहरों में भी आजमाने की तैयारी है। धामी सरकार 23 मार्च को चार वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लेगी, लेकिन इससे पहले ही सत्ताधारी दल भाजपा चुनावी बिगुल फूंकने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सात मार्च को हरिद्वार से इस बिगुल को फूंकेंगे। इस दौरान जनसभा तो होगी ही, साथ में धामी सरकार के चार वर्ष की उपलब्धियों को भी प्रचार–प्रसार का हिस्सा बनाया जाएगा। जनसभा स्थल के पास ही इन उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। अमित शाह जन जन की सरकार, चार साल बेमिसाल को चुनावी उद्घोष के रूप में सामने रख सकते हैं। अगले वर्ष चुनाव आने तक यह 'जन जन की सरकार, पांच साल बेमिसाल' के नारे के रूप में भाजपा के चुनाव प्रचार की नैया का खेवनहार बनता दिख सकता है।

### कर्ज के बोझ तले दबे शख्स ने पत्नी और तीन बेटियों को बेरहमी से मारा

नई दिल्ली। कर्ज में डूबे मुनचुन केवट ने ससुराल पक्ष से मदद नहीं मिलने और लेनदारों के फोन से परेशान होकर पत्नी की हत्या की साजिश पहले ही रच ली थी। इसके लिए वह कटहल काटने वाला चाकू वारदात के दो दिन पहले ही खरीदकर लाया था। घटना वाले दिन पत्नी का गला काटते समय बड़ी बेटी की आंख खुल गई और वह रोने लगी। इसके बाद उसने राजफाश होने के डर से बड़ी बेटी सहित तीनों मासूमों को मार डाला। वारदात में प्रयुक्त चाकू को उसने स्टेशन जाते समय रास्ते में फेंक दिया था। बाहरी–उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद हत्यारोपित मुनचुन ने पुलिस को बताया कि उसने पैतृक गांव पटना के मोकिमपुर निवासी मिथलेश से करीब तीन लाख रुपये कर्ज लिया था। इसके अलावा अन्य लोगों से करीब दस लाख रुपये लिए थे। कुल 13 लाख रुपये कर्ज लेकर वह ऑनलाइन सट्टे में हार चुका था।

बीते कुछ दिनों से मिथलेश उसकी पत्नी अनीता को कॉल कर रुपये लौटाने का दबाव बना रहा था।

# मध्य पूर्व में युद्ध के बीच गृह मंत्रालय का राज्यों को अलर्ट

## विरोध प्रदर्शनों पर सतर्क रहने के दिये निर्देश

नई दिल्ली ,मध्य पूर्व एशिया में जारी युद्ध जैसे हालात के मद्देनजर केंद्र सरकार ने देशभर में कानून–व्यवस्था को लेकर एहतियाती कदम उठाए हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर ईरान के समर्थन या विरोध में संभावित प्रदर्शनों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम का असर देश के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिल सकता है। ऐसे में यदि किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में ईरान के पक्ष या विपक्ष में प्रदर्शन आयोजित किए जाते हैं, तो स्थानीय प्रशासन को स्थिति पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कानून–व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। पत्र में यह भी आगाह किया गया है कि कुछ असामाजिक तत्व या संगठित समूह प्रदर्शनों की आड़ में माहौल बिगाड़ने की



कोशिश कर सकते हैं। ऐसी किसी भी संभावित सुनियोजित साजिश को विफल करने के लिए खुफिया तंत्र को सक्रिय रखने और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।गृह मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ या भ्रामक संदेशों पर भी नजर रखी जाए, ताकि अफवाहों के जरिए तनाव फैलाने की कोशिशों को समय रहते रोका जा सके। साथ ही, जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को आवश्यकतानुसार एहतियाती कदम उठाने के लिए कहा गया है। केंद्र सरकार ने दोहराया है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, हिंसा या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश को सख्ती से निपटा जाएगा। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से समन्वय बनाए रखते हुए शांति और सद्भाव बनाए रखने पर जोर दिया गया है।

बता दें कि अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की मौत हो गई। इसके बाद भारत के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। इसे रोकने के लिए प्रदेश सरकार सख्त प्रतिबंध लगाए लगा रही है। लोग अयातुल्ला खामेनेई के पक्ष में एकजुट होकर इजरायल और अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसका असर राज्यों की कानून व्यवस्था पर पड़ रहा है।वहीं जम्मू–कश्मीर में घाटी के कई इलाकों से विरोध प्रदर्शन की खबरें आ रही हैं। श्रीनगर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं और स्कूलों को बंद कर दिया गया है।

# होली की धुन पर झूमे सीएम, गुलाल-अबीर से रंगा सीएम हाउस

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : प्रदेश भर से आए लोक कलाकारों और होल्यारों ने अपनी-अपनी धुनों से माहौल को उत्सवमय कर दिया। इस दौरान एक तरफ, हारूल नृत्य करते जौनसारी कलाकार थे तो दूसरी तरफ, अपनी ही धुन में मगन होली गीत गाते कुमाऊंनी होल्यारों की टीम। वहीं, पौड़ी के राठ क्षेत्र की ह्यराठ त्रिपट्टी होल्यारह्न और ह्य मैती होल्यार टीम ने भी खूब रंग जमाया। मुख्यमंत्री आवास का प्रांगण सोमवार को होली के रंगों में सराबोर नजर आया। इस दौरान प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि और एकता के भी दर्शन हुए। पूर्वाह्न से ही प्रदेश भर के लोक कलाकारों, संस्कृति कर्मियों की टोलियां होली गायन करते हुए। सीएम आवास पहुंचती रही। एक तरफ गढ़वाल-कुमाऊं से लेकर जौनसार तक का होली गायन था, नृत्य था। इस दौरान होली के गीत गूंजे। पारंपरिक गायन हुआ। ढोल, मंजीरे बजे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की संगत ने होली गीतों के प्रभाव को और बढ़ा दिया। आओ दगड़ियो, नाचा गावा, आ गई रंगीली होली का आह्वान यदि कुमांउ से आए कलाकारों ने किया, तो राठ क्षेत्र के कलाकारों ने गाया-आई डान्ड्यू बसंत,



डाली मा मौल्यार। इस दौरान जो भी यहां पहुंचा लोक के रंगों में खो गया। लोक संस्कृति का वह प्रभाव भी था, जो उत्तराखंड को सांस्कृतिक तौर पर विशिष्टता प्रदान करता है। लोक कलाकार इस बात से बेहद खुश दिखे कि उन्हें विशेष तौर पर बुलाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी लोक कलाकारों के संग होली के रंगों में पूरी तरह से रंगे नजर आए। मुख्यमंत्री खुद लोक कलाकारों के साथ थिरकने को मजबूर हो गए। उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों से आए लोक कलाकारों ने इस मौके पर कहा कि लोक संस्कृति पर सीएम अच्छा काम कर रहे हैं। राज्य सरकार लोक संस्कृति को बढ़ावा देते हुए, लोक कलाकारों को संरक्षण प्रदान कर रही है। जिला पंचायत सदस्य शिवचरण नौटियाल के नेतृत्व में पहुंची ह्यराठ त्रिपट्टी होल्यारह्न और ह्य मैती होल्यार टीम ने भी खूब रंग जामाया।

### चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरने पर कटा यात्री का हाथ

हरिद्वार। एक यात्री को जल्दबाजी जिंदगी भर का दर्द दे गई। हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर सोमवार को चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे एक यात्री का पैर फिसल गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसका एक हाथ कट गया, जबकि दूसरे हाथ की उंगलियां भी कट गईं। संगम एक्सप्रेस के पहुंचते ही हादसाः रेलवे पुलिस के अनुसार, संगम एक्सप्रेस प्रयागराज से ऋषिकेश जा रही थी और प्लेटफॉर्म नंबर–दो पर पहुंची थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रेन पूरी तरह रुकने से पहले ही एक यात्री प्लेटफॉर्म नंबर एक से ट्रेन में सवार होने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। यात्री का बायां हाथ कोहनी के पास से कटकर अलग हो गया, जबकि दाहिने हाथ की उंगलियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। इससे प्लेटफॉर्म पर अफरा–तफरी मच गई। पहले जिला अस्पताल, फिर एम्स रेफर सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया गया। जीआरपी इंस्पेक्टर बिपिन चंद्र पाठक ने बताया कि घायल यात्री ने अपना नाम राकेश कुमार और पता प्रयागराज यूपी बताया है। मुसाफिरों के लिए चेतावनी भी, सबक भी रेलवे पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि ट्रेन पूरी तरह रुकने के बाद ही चढ़ें या उतरें। थोड़ी सी जल्दबाजी जानलेवा साबित हो सकती है।

# ट्रंप बोले- तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लूंगा

## अमेरिका–इजराइल ने ईरान पर गिराए 2000 बम

वॉशिंगटन । ईरान पर अमेरिका–इजरायल के हमले से मध्य पूर्व के कई हिस्सों में तनाव बढ़ गया है। अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई में ईरान में भारी तबाही हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी फोर्स ने ईरान के नौ नेवी जहाजों को तबाह करके डुबो दिया है और जरूरी मिलिट्री ठिकानों पर हमला किया है, जिससे तेहरान के साथ टकराव और बढ़ गया है। वहीं,ईरान के हमले में 3 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी, जबकि 5 घायल हो गए थे। ट्रम्प ने कहा है कि ईरान पर तब तक हमला जारी रखेंगे जब तक वह इन मौतों का बदला नहीं ले लेते। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथझ् पर जानकारी साझा करते हुए लिखा, मुझे अभी पता चला है कि हमने नौ ईरानी नेवल शिप को तबाह कर दिया है और डुबो दिया है, उनमें से कुछ काफी बड़े और जरूरी हैं। हम बाकियों के पीछे जा



रहे हैं, वे भी जल्द ही समुद्र की तलहटी में तैर रहे होंगे। एक अलग हमले में हमने उनके नेवल हेडक्वार्टर को काफी हद तक तबाह कर दिया। इसके अलावा, उनकी नेवी बहुत अच्छा कर रही है।

वहीं, इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने भी अपने आधिकारिक 'एक्सझ् अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, ईरान के आतंक के धुरी समूह के सभी बड़े आतंकवादी नेताओं का खात्मा कर दिया गया है। यूनाइटेड स्टेट सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रातभर बड़े हवाई अभियानों की पुष्टि की।

# प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल के पीएम नेतन्याहू से हुई बात

नई दिल्ली ,अमेरिका–इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से टेलीफोन पर बात हुई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर पीएम मोदी ने इसकी जानकारी दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा करने के लिए टेलीफोन पर बात हुई। हाल के घटनाक्रमों पर भारत की चिंताओं से अवगत कराया और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। भारत ने संघर्ष को जल्द समाप्त करने की आवश्यकता को दोहराया। इससे पहले एक मार्च, रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन



जायद अल नाहयान से फोन पर बातचीत की और खाड़ी देश पर हुए हालिया हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने इस कठिन समय में यूएई के साथ भारत की एकजुटता भी व्यक्त की थी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स लिखा था कि मैंने यूएई के राष्ट्रपति और मेरे भाई शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की। मैंने यूएई पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की और इन हमलों में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया। इन कठिन समय में भारत यूएई के साथ एकजुटता से खड़ा है। पीएम मोदी ने यूएई में रह रहे बड़े भारतीय समुदाय की देखभाल के लिए वहां के नेतृत्व का आभार भी जताया था। पीएम मोदी ने कहा कि यूएई में रहने वाले भारतीय समुदाय का ख्याल रखने के लिए उनका धन्यवाद किया। हम तनाव कम करने, क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता का समर्थन करते हैं। बता दें कि अमेरिका–इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष में ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई।

### 25 लाख के चेक बाउंस के दोषी पर 30 लाख जुर्माना

देहरादून। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय प्रतीक कपिल की अदालत ने चेक बाउंस के दोषी पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। दोषी को तीन महीने कारावास की सजा भी सुनाई गई है। जुर्माने की रकम में दो हजार रुपये राज्य के कोष में जमा होंगे। धर्मपुर डांडा निवासी विक्रम सिंह पंवार ने वर्ष 2018 में परिचित तरन काला निवासी भूड़पुर, शिमला बाईपास रोड, नया गांव को 25 लाख रुपये उधार दिए थे। इस उधारी को चुकाने के लिए 5–5 लाख रुपये के पांच चेक दिए गए थे। बैंक में लगाए तो बाउंस हो गए। तब पीड़ित ने कोर्ट में अपील की। अदालत ने आदेश दिया कि जुर्माने की 30 लाख रुपये की राशि में से 29 लाख 98 हजार रुपये परिवादी विक्रम सिंह पंवार को बतौर क्षतिपूर्ति दिए जाएंगे। वहीं, शेष दो हजार रुपये राजकीय कोषागार में जमा कराए जाएंगे। जुर्माना न चुकाने की स्थिति में दोषी को एक महीने की अतिरिक्त जेल काटनी होगी।

# 140 करोड़ लोग मिलकर देश से तानाशाह सरकार उखाड़ फेंकेंगे– केजरीवाल

नई दिल्ली ,आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल रैली कर देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोग मिलकर देश से तानाशाह सरकार उखाड़ फेंकेंगे। ये लोग सत्ता की राजनीति करें और हम जनता के लिए काम करेंगे। आज से यह बदलाव की गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि मोदी जी कहते रहे कि दिल्लीवालों का 'बेटाझ् भ्रष्ट और है, लेकिन कोर्ट ने साफ कर दिया कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार था, है और रहेगा। कांग्रेस के भ्रष्टाचार से तंग आकर लोगों ने बड़ी उम्मीदों से मोदी जी को पूर्ण बहुमत दिया। आज देश का हर सेक्टर बर्बाद है। इस दौरान दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा समेत विभिन्न प्रांतों से आए ''आपझ् नेताओं, कार्यकर्ताओं और हजारों आम लोगों ने 'पढ़ा–लिखा दमदार



है, मेरा केजरीवाल कट्टर ईमानदार हैझ् के जमकर नारे लगाए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले चार साल से पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने षड़यंत्र रच कर दिल्ली के लोगों को बहुत परेशान और दुखी किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल चोर है, भ्रष्टाचारी है, केजरीवाल ने शराब घोटाला किया है, केजरीवाल 100 करोड़ खा गया। दिन भर मीडिया में डिबेट चलता था। दिल्ली के लोगों को बहुत दुखी किया। जज साहब ने फैसला सुनाया है कि मोदी जी झूठ बोल रहे हैं, केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। पूरा केस फर्जी है, कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि सदियों के बाद ऐसा फैसला आया है। मोदी जी और अमित शाह ने आम आदमी पार्टी को ठिकाने लगाने के लिए पूरे केस को व्यक्तिगत मॉनिटर कर रहे थे कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह छूटना नहीं चाहिए। कोर्ट का यह फैसला मोदी जी, अमित शाह और भाजपा के गाल पर जोरदार तमाचा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं। जब मैं आईआईटी में पढ़ता था, तो मेरे बहुत अच्छे नंबर आए। मैं चाहता तो नौकरी करने अमेरिका जा सकता था। मेरे बहुत सारे दोस्त विदेश गए हैं।

## अफगानिस्तान का पाकिस्तान के नूरखान एयरबेस पर हमला

# दावा-32 पाकिस्तानी सैनिक मार गिराए

काबुल/इस्लामाबाद ,अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चार दिनों से दोनों देशों की सेनाएं आमने–सामने हैं। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया, अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए हैं।अफगान रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हमले रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर हुए। इसके अलावा बलूचिस्तान के क्वेटा में 12वीं डिवीजन के मुख्यालय और खैबर पख्तूनख्वा की मोहमंद एजेंसी में ख्वाजाई कैंप पर भी बमबारी की गई। तालिबान का दावा है कि उन्होंने पाकिस्तान के कई अन्य जरूरी सैन्य



कमांड सेंटरों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है।रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह ऑपरेशन पाकिस्तानी सेना की हालिया घुसपैठ का बदला है। पाकिस्तान ने पिछले दिनों काबुल और बगराम एयरबेस पर हमले किए थे। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगान हवाई सीमा का उल्लंघन किया या कोई आक्रमक हरकत की, तो उसे और भी कड़ा और निर्णायक जवाब मिलेगा। यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ खुली जंग का एलान कर दिया। पाकिस्तान ने शुक्रवार को काबुल और कंधार में एयरस्ट्राइक की थीं। इसके कुछ घंटों बाद ही अफगान सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। रावलपिंडी का नूर खान एयरबेस पाकिस्तान की वायुसेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसे मई 2025 में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूरझ् के समय भी निशाना बनाया गया था। उस हमले में बेस के ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा था।टोलो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान ने रात भर चले हमलों में 32 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने का दावा किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उनकी 203 मंसूरी, 201 सिलाब और 205 अल–बद्र कॉर्प्स ने इन ऑपरेशनों को पूरा किया।

### फ्लैट में घुसकर महिलाओं से अभद्रता और तोड़फोड़ में महिला पर केस

देहरादून। कैंट कोतवाली पुलिस ने पंडितवाड़ी स्थित कैलाश पाम स्ट्रीट सोसायटी के एक फ्लैट में रात के समय जबरन घुसकर मेहमानों से गाली–गलौज, महिलाओं से अभद्रता और तोड़फोड़ करने के आरोप में एक महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कैलाश पाम स्ट्रीट डेवलपर्स के निदेशक राकेश सूरी की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार उनकी सोसायटी में रहने वाली शिखा काम्बोज का व्यवहार झगड़ालू है। आरोप है कि 25 फरवरी की रात करीब दो बजे शिखा उनके निजी फ्लैट में जबरन घुस गईं। जहां टेंडर के काम से आए उनके छह मेहमान रुके हुए थे। शिखा ने गंदे आरोप लगाते हुए वीडियो बनाई। गाली–गलौज की और वहां रखा सामान व शीशे की मेज तोड़ दी।

# दिल्ली की द्वारका पुलिस ने सुलझाई हत्या की गुत्थी, 4 गिरफ्तार

नई दिल्ली ,दिल्ली की द्वारका पुलिस ने छत्तीसगढ़ भवन के 48 साल के कैंटीन ऑपरेटर अनुरूप गुप्ता के हत्याकांड की गुत्थी को सुलझा लिया है। लालच और लूट में इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। मामले में द्वारका पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, 23 फरवरी को द्वारका नॉर्थ पुलिस थाने में कैंटीन ऑपरेटर अनुरूप गुप्ता के लापता होने की सूचना दर्ज कराई गई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसका भाई अनुरूप गुप्ता 18 फरवरी से लापता है और उसकी कार का भी पता नहीं चल रहा है। परिवार ने भी किसी पिछली दुश्मनी या झगड़े से इनकार किया और कहा कि अनुरूप गुप्ता शांति से अपनी जिंदगी जी रहा था। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने अनुरूप गुप्ता की तलाश के




लिए टीम का गठन किया। शुरुआत में एनएचएआई अधिकारियों से कार का विवरण प्राप्त किया गया था और पाया गया कि कार को आखिरी बार 19–20 फरवरी की रात को यमुना एक्सप्रेसवे पर देखा गया था। इसके बाद टीम ने टोल प्लाजा पर वाहनों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। द्वारका में भी मामले की जांच की गई और पता चला कि 18 फरवरी को अनुरूप गुप्ता ने एक बाइक बुक की थी और उसने अपनी कार छत्तीसगढ़ सदन में ही छोड़ दी थी।

## सम्पादकीय

# ट्रंपकालीन एआई घोषणापत्र

डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन एआई पर किसी प्रकार के लगाम के खिलाफ है। उसके मुताबिक इस तकनीक की राह में नियम—कायदे जैसी रुकावटें नहीं होनी चाहिए। नई दिल्ली घोषणापत्र में इसी नजरिए को जगह मिली। यानी यह ट्रंपकालीन एआई घोषणापत्र है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर हुए पहले तीन शिखर सम्मेलनों (लंदन, सियोल और परिस) में मुख्य जोर इस तकनीक से संबंधित सुरक्षा एवं इसका विनियमन पर था। मगर नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में ये चिंताएं हाशिये पर चली गईं। उसके बजाय नई दिल्ली घोषणापत्र में मुख्य ध्यान आर्थिक विकास और समावेशन पर दिया गया है। लगभग 900 शब्दों के इस दस्तावेज के केंद्रीय बिंदु एआई के लोकतांत्रिक सम्मिलन का चार्टर, एआई संसाधनों तक पहुंच को प्रोत्साहित करने का स्वैच्छिक एवं अबाध्यकारी फ्रेमवर्क, और स्थानीय प्रासंगिकता के मुताबिक आविष्कार आदि हैं। ये बातें इतनी सामान्य किस्म की हैं कि इन पर मतभेद की गुंजाइश नहीं थी। इसलिए सम्मेलन में शामिल हुए सभी 88 देशों ने सहजता से इस पर दस्तखत कर दिए। जबकि 2025 में हुए पेरिस सम्मेलन में चूंकि एआई के विनियमन पर जोर दिया गया, तो अमेरिका ने साझा घोषणापत्र पर हस्ताक्षर से इनकार कर दिया था। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन एआई पर किसी प्रकार के लगाम के खिलाफ है। उसकी दलील है कि इस तकनीक की राह में नियम— कायदे जैसी रुकावटें नहीं आनी चाहिए। नई दिल्ली घोषणापत्र को इसी नजरिए से तैयार किया गया। यानी यह ट्रंपकालीन एआई घोषणापत्र है। चीन भी एआई संप्रभुता की वकालत करता है, इसलिए ऐसे दस्तावेज पर उसे कोई आपत्ति नहीं होनी थी, जिसमें एआई विनियमन के बारे में राष्ट्रीय सरकारों के अधिकार को स्वीकार किया गया हो। चीन में एआई का उपयोग राजकीय नियोजन के तहत आम प्रशासन एवं जमीनी विकास के लिए हो रहा है। अमेरिका की तुलना में यह बिल्कुल अलग नजरिया है। चूंकि एआई के क्षेत्र में प्रमुख शक्तियां अमेरिका और चीन ही हैं, इसलिए वे अपने यहां इस तकनीक को कैसे विकसित कर रही हैं, वह इस समय वैश्विक चर्चा एवं ध्यान का प्रमुख बिंदु है। इस बीच एआई शिखर सम्मेलन उन दोनों सहित तमाम हितधारकों के बीच संवाद का मंच बने हैं। मगर वहां साझा घोषणापत्र अधिकतम सहमति पर ही आधारित हो सकते हैं। नई दिल्ली में यह सहमति बनी, क्योंकि विनियमन समर्थकों ने अपना रुख नरम कर लिया और अमेरिकी मंशा के मुताबिक शब्दों के चयन पर सभी राजी हो गए।

# शहरी चुनौती कोष भारत के शहरों को किस तरह दे सकता है नया रूप

**श्रीनिवास कटिकिथला**

भारत के शहरीकरण का सफर निर्णायक मोड़ पर है। आज देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शहरों का बड़ा योगदान है, ये देश के सबसे गतिशील आर्थिक केंद्रों का केंद्र हैं और लाखों लोगों के जीवन स्तर को लगातार प्रभावित कर रहे हैं। फिर भी, ये शहर बुनियादी ढांचे की कमी, जलवायु परिवर्तन के खतरे, वित्तीय बाधाओं और संस्थागत बिखराव जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अब चुनौती यह नहीं है कि भारत का शहरीकरण होगा या नहीं, बल्कि यह है कि क्या भारत का शहरीकरण प्रभावी, टिकाऊ और समावेशी तरीके से हो पाएगा।

हाल ही में स्वीकृत शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) इस प्रश्न के उत्तर देने के भारत के नज़रिए में एक अहम बदलाव का प्रतीक है। वित्त वर्ष 2025—26 से वित्त वर्ष 2030—31 तक 1 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता राशि और करीब 4 लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश को प्रेरित करने की अपेक्षित योजना के साथ, यह कोष पारंपरिक अनुदान—आधारित वित्तपोषण से हटकर, शहरी ढ़ांचागत विकास के लिए बाजार—आधारित, सुधार—संचालित और परिणाम पर आधारित ढांचे की ओर बदलाव का प्रतीक है।

**अनुदान से बाजार अनुशासन की ओर**

शहरी चुनौती कोष की संरचना उसे पूर्व के कार्यक्रमों से अलग करती है। केंद्रीय सहायता परियोजना लागत के 25 प्रतिशत तक सीमित है और शहरों को कम से कम 50 प्रतिशत राशि नगरपालिका बांड, बैंक ऋण या सार्वजनिक—निजी भागीदारी जैसे बाजार स्त्रोतों से जुटानी होगी। बाकी राशि राज्यों, शहरी स्थानीय निकायों या अन्य वित्तपोषण माध्यमों से आ सकती है।

यह आवश्यकता कार्यक्रम के मूल में वित्तीय अनुशासन को स्थापित करती है। यह संकेत देती है कि शहरी अवसंरचना अब केवल सार्वजनिक बजट पर निर्भर नहीं रह सकती, इसे राजस्व समर्थित परियोजनाओं के ज़रिए पूंजी बाजारों तक ज्यादा से ज्यादा पहुंच बनानी होगी। ऐसा करके, यह कोष ढ़ांचागत महत्वाकांक्षाओं के साथ राजकोषीय संयम का तालमेल बिठाने की कोशिश करता है।

**शहरी केंद्र की पुनर्कल्पना**

यह कोष तीन विशिष्ट क्षेत्रों पर आधारित है, जो भारत के शहरी परिदृश्य की बदलती प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं।

पहला क्षेत्र है विकास केंद्र के रूप में शहरों को देखना। इसके तहत यह माना जाता है कि शहरी क्षेत्र आर्थिक इंजन हैं। यह एकीकृत स्थानिक और पारगमन योजना, आर्थिक गलियारों के साथ अवसंरचना और औद्योगिक, पर्यटन या लॉजिस्टिक्स क्लस्टर जैसे मजबूत आर्थिक आधारों के विकास का समर्थन करता है। इसका मकसद केवल परिसंपत्तियों का निर्माण करना नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धात्मकता और उत्पादकता को भी बढ़ाना है।

दूसरा क्षेत्र, शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास, भारतीय शहरीकरण की एक लंबे समय से चली आ रही चुनौती, ऐतिहासिक केंद्रों और केंद्रीय व्यावसायिक जिलों में भीड़भाड़ और गिरावट – का समाधान करता है। ब्राउनफील्ड पुनर्जनन, पारगमन आधारित विकास और सार्वजनिक भूमि के पुनर्गठन को प्रोत्साहित करके, यह कोष मौजूदा शहरी क्षेत्रों के भीतर मूल्यों को उजागर करने का प्रयास करता है। यह भूमि मूल्य अधिग्रहण और संरचित पुनर्विकास मॉडल के तर्क को पेश करता है, जिससे शहर सांस्कृतिक और विरासत चरित्र को संरक्षित करते हुए कम उपयोग वाली संपत्तियों को नवीनीकरण के चालक में बदला जा सकता है।

तीसरा क्षेत्र जल और स्वच्छता पर केंद्रित है, जहां सेवा संतृप्ति, अपशिष्ट जल पुनः उपयोग, बाढ़ शमन और विरासत अपशिष्ट स्थलों के उपचार पर जोर दिया जाता है। इस ढांचे में जलवायु में बदलाव समाहित है, यह मानते हुए कि चरम मौसम की घटनाएं और पर्यावरणीय तनाव शहरी भेद्यता को नया रूप दे रहे हैं।

**छोटे शहरों को वित्तीय मुख्यधारा में लाना**

शहरी चुनौती कोष के सबसे नवोन्मेषी तत्वों में से एक 5,000 करोड़ रुपए की ऋण चुकौती गारंटी योजना है। पहली बार, छोटे शहरी स्थानीय निकायों, खास तौर पर एक लाख से कम आबादी वाले, साथ ही पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के शहरों, को संरचित केंद्रीय गारंटी के साथ बाजार वित्त तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा रहा है।

प्रारंभिक उधार को जोखिममुक्त करके, यह योजना छोटी नगरपालिकाओं के लिए प्रवेश संबंधी बाधाओं को कम करती है और ऋणदाताओं को विश्वास दिलाती है। ऐसा करके, यह शहरी स्थानीय निकायों को अंतर—सरकारी हस्तांतरणों पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय, पूंजी बाजारों का लाभ उठाने में सक्षम विश्वसनीय वित्तीय संस्थाओं के रूप में दोबारा स्थापित करना शुरू करती है।

**सुधार ही आधार**

यूसीएफ के तहत केंद्रीय सहायता प्राप्त करना शासन, वित्तीय और नियोजन सुधारों पर निर्भर है। शहरों से अपेक्षा की जाती है कि वे साख में सुधार करें, परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणालियों को मज़बूत करें, सेवा वितरण को डिजिटल बनाएं, परिचालन दक्षता बढ़ाएं और एकीकृत भूमि उपयोग तथा गतिशीलता नियोजन ढांचे अपनाएं।

क्षेत्र, शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास, भारतीय शहरीकरण की एक लंबे समय से चली आ रही चुनौती, ऐतिहासिक केंद्रों और केंद्रीय व्यावसायिक जिलों में भीड़भाड़ और गिरावट — का समाधान करता है। ब्राउनफील्ड पुनर्जनन, पारगमन आधारित विकास और सार्वजनिक भूमि के पुनर्गठन को प्रोत्साहित करके, यह कोष मौजूदा शहरी क्षेत्रों के भीतर मूल्यों को उजागर करने का प्रयास करता है। यह भूमि मूल्य अधिग्रहण और संरचित पुनर्विकास मॉडल के तर्क को पेश करता है, जिससे शहर सांस्कृतिक और विरासत चरित्र को संरक्षित करते हुए कम उपयोग वाली संपत्तियों को नवीनीकरण के चालक में बदला जा सकता है। तीसरा क्षेत्र जल और स्वच्छता पर केंद्रित है, जहां सेवा संतृप्ति, अपशिष्ट जल पुनः उपयोग, बाढ़ शमन और विरासत अपशिष्ट स्थलों के उपचार पर जोर दिया जाता है।

वित्तपोषण लक्ष्यों और मापने योग्य नतीजों से जुड़ा है और लगातार सुधार बाद के संवितरणों के लिए एक पूर्व शर्त है। यह दृष्टिकोण यह दिशा में प्रयास करता है कि अवसंरचना निर्माण के साथ—साथ संस्थागत सुदृढ़ीकरण भी हो, जिससे कमजोर रखरखाव या कुप्रबंधन के कारण परिसंपत्तियों के क्षय का जोखिम कम हो।

शहरी चुनौती कोष शहरी विकास में निजी क्षेत्र की भूमिका को भी पुनर्परिभाषित करता है। बाजार वित्तपोषण को अनिवार्य बनाकर और संरचित जोखिम—साझाकरण व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करके, यह डिजाइन, वित्तपोषण और संचालन में निजी भागीदारी को और अधिक व्यापक बनाता है।

परियोजना तैयारी सहायता, लेनदेन सलाहकार सहायता और डिजिटल निगरानी प्रणालियों का मकसद परियोजना की व्यवहार्यता और निवेशकों के विश्वास को मजबूत करना है। अगर इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो यह भारत के नगरपालिका बांड बाजार को और बड़ा कर सकता है और शहरी अवसंरचना के लिए वित्तपोषण आधार को व्यापक बना सकता है।

**सहयोगात्मक कार्यान्वयन मॉडल**

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने इस निधि को एक व्यापक हितधारक व्यवस्था के तहत रखा है। राज्यों, शहरी स्थानीय निकायों, वित्तीय संस्थानों, क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों और निजी विकासकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे एक प्रतिस्पर्धी, चुनौती—आधारित प्रक्रिया के ज़रिए इसमें शामिल हों, जो तत्परता और नवाचार को पुरस्कृत करती है।

राष्ट्रीय, राज्य और शहर स्तर पर क्षमता निर्माण के प्रावधान इस ढांचे में अंतर्निहित हैं, यह मानते हुए कि वित्तीय मदद तक पहुंच के साथ—साथ तकनीकी और प्रबंधकीय दक्षता भी ज़रुरी है। डिजिटल निगरानी प्लेटफॉर्म से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने और परिणाम—आधारित शासन को मज़बूत करने की अपेक्षा की जाती है।

**भविष्य के लिए तैयार शहरों की राह**

आगामी दशकों में भारत की शहरी आबादी में खासी वृद्धि होने वाली है और इसके साथ ही बुनियादी ढांचे की मांग भी बढ़ेगी। शहरी चुनौती कोष इसी दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता और राजकोषीय स्थिरता को एक ही ढांचे में एकीकृत करने का प्रयास करता है।

आखिरकार क्या यह कोष भारत के शहरी विकास की दिशा बदल पाएगा, यह इसके क्रियान्वयन पर ही निर्भर करेगा। लेकिन इसका मकसद साफ है। शहरी चुनौती कोष शहरीकरण को एक वित्तीय बोझ के रूप में नहीं, बल्कि एक निवेश के अवसर के रूप में देखता है, जिसका लाभ उठाया जा सकता है। बाजार अनुशासन, सुधार प्रोत्साहन और मापने योग्य परिणामों को अपने डिजाइन में शामिल करके, यह भारत के शहरी परिवर्तन के अगले चरण को गति प्रदान करना चाहता है, एक ऐसा चरण जिसमें शहर सशक्त, प्रतिस्पर्धी और भविष्य के लिए तैयार विकास केंद्रों में विकसित हों।

# सत्र समाप्त होने के साथ ही चर्चाएं भी समाप्त

**अजीत द्विवेदी**

संसद के बजट सत्र में ब्रेक चल रहा है। सत्र का दूसरा हिस्सा नौ मार्च से शुरू होगा और दो अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र का पहला हिस्सा बहुत हंगामे वाला रहा। वैसे तो हर सत्र ही हंगामे वाला होता है लेकिन इस बार कुछ अनोखी चीजें हुईं। जैसे स्पीकर ने प्रधानमंत्री को सुझाव दिया कि वे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई एक अधूरी चर्चा का जवाब देने लोकसभा में नहीं आएं क्योंकि कुछ 'अप्रत्याशितझ् घट सकता है। प्रधानमंत्री मान भी गए। पहली बार ऐसा हुआ। ऐसे ही पहली बार हुआ कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया और बदले में विपक्ष ने प्रधानमंत्री को नहीं बोलने दिया। पहली बार विपक्ष की महिला सांसदों से प्रधानमंत्री को खतरा होने की बात हुई। पहली बार नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ सब्सटेंसिव मोशन पेश किया गया। पूर्व प्रधानमंत्रियों की नीतियों की आलोचना तो पहले भी होती थी लेकिन इस बार की नई गिरावट यह थी कि पूर्व प्रधानमंत्रियों की जीवनी या उनके ऊपर लिखी गई किताबों में से यहां वहां के उद्धरण छांट कर उनको 'गद्दारझ्, 'अय्याशझ् आदि सदन के अंदर कहा गया। पहली बार ऐसा हुआ कि संसदीय कार्य मंत्री ने विपक्षी सांसदों पर आरोप लगाया कि उन्होंने स्पीकर के चैम्बर में जाकर गाली गलौज की। करीब चार दशक बाद पहली बार स्पीकर के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव लाया गया। यह सब कुछ दो से 13 फरवरी के बीच हुआ।

यह 12 दिन का समय राहुल गांधी की राजनीति के लिए बहुत अच्छा रहा। वे इस 12 दिन की राजनीति के केंद्र में रहे। दो फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर उनके भाषण देने से विवाद शुरू हुआ और उनके खिलाफ मोशन लाए जाने के बाद सदन की कार्यवाही आठ मार्च तक स्थगित हुई। सत्र शुरू होने से एक दिन पहले यूरोपीय संघ के साथ व्यापार संधि हुई और सत्र के बीच अमेरिका के साथ संधि की घोषणा हुई। इसी बीच एपस्टीन फाइल्स के पन्ने खुले, जिसमें एक केंद्रीय मंत्री और एक कारोबारी के एपस्टीन से संपर्कों की कहानियां आईं। इन तमाम घटनाओं ने राहुल गांधी को मौका दिया कि वे केंद्र सरकार पर हमलावर रहें। कुछ अंतरराष्ट्रीय हालात और कुछ राहुल गांधी के तेवर से सरकार बैकफुट पर रही। प्रधानमंत्री से लेकर मंत्री तक बचाव की मुद्रा में दिखे। राहुल गांधी के खिलाफ प्रस्ताव लाना भी घबराहट का ही संकेत है। सोशल मीडिया में नैरेटिव है कि राहुल ने कमाल कर दिया।

इस पूरे घटनाक्रम से राहुल का आत्मविश्वास भी बढ़ा, जिसमें उन्होंने दो बड़ी गलतियां कीं। आत्मविश्वास और अति उत्साह में उन्होंने संसद की सीढ़ियों पर अपने एक साथी सांसद और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को 'गद्दार दोस्तझ् कहा। यह राहुल गांधी की अपनी छवि के बिल्कुल उलट बात थी। दूसरी गलती उन्होंने यह कर दी कि दो केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रहलाद जोशी की मीडिया से बातचीत के बीच में घुस गए और बोलने लगे। उन्होंने प्रहलाद जोशी का हाथ पकड़ कर उनको रोकने का प्रयास भी किया। इन दोनों घटनाओं को कांग्रेस इकोसिस्टम के लोगों ने खूब प्रचारित किया। उन्होंने इसे ऐसे प्रस्तुत किया, जैसे राहुल के डर से दो मंत्री भाग गए और राहुल ने ठीक किया, जो कांग्रेस छोड़ने वाले बिट्टू को गद्दार कहा। लेकिन ये दोनों घटनाएं सामान्य संसदीय आचरण के अनुरूप नहीं हैं।

बहरहाल, संसद के बजट सत्र में राहुल गांधी चर्चा के केंद्र में रहे। वे एजेंडा सेट करते रहे, जिस पर सरकार जवाब देती रही और बैकफुट पर रही। लेकिन यह पहला सत्र नहीं है, जिसमें राहुल ने महफिल लूटने वाला काम किया है। इससे पहले भी डोकलाम का घटनाक्रम हो या हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट हो, हर बार सत्र में राहुल गांधी हीरो होते हैं। वे अच्छे और लंबे भाषण करते हैं और संसद के पूरे सत्र का एजेंडा सेट कर देते हैं। लेकिन क्या संसद सत्र के दौरान उनके द्वारा की जाने वाली राजनीति चुनाव के मैदान में कांग्रेस को लाभ पहुंचाती है? क्या संसद में वे जो राजनीति करते हैं उससे कांग्रेस संगठन को ताकत मिलती है? यह सही है कि इससे राहुल गांधी की साहसी और निर्भीक नेता की छवि को मजबूती मिलती है और कांग्रेस की चर्चा होती है। लेकिन सत्र समाप्त होने के साथ ही ये चर्चाएं भी समाप्त हो जाती हैं। राहुल गांधी को यह ध्यान रखने की जरुरत है कि राजनीति बिट्स एंड पैचेज में होने वाली चीज नहीं है। संसद सत्र में उनके उठाए मुद्दों से जो माहौल बनता है उसे जनता के बीच ले जाना होता है। इसके लिए पार्टी संगठन को मजबूत करने की जरुरत होती है ताकि मुद्दों पर जमीनी स्तर पर राजनीति हो सके। अफसोस की बात है कि राहुल गांधी यह काम नहीं कर पाते हैं। उन्होंने सत्र के बीच एक दिन किसान बन कर मनरेगा बचाओ आंदोलन में हिस्सा लिया लेकिन 45 दिन का कांग्रेस का मनरेगा बचाओ अभियान कब शुरू हुआ और कब समाप्त हो गया, यह न तो जमीनी स्तर पर दिखा और न दिल्ली में दिखा।

संसद का मौजूदा बजट सत्र चल रहा होगा उसी बीच पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की घोषणा होगी। अप्रैल में पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनाव होना है। इन पांच राज्यों में पिछले छह महीने में राहुल गांधी सिर्फ एक बार तमिलनाडु और संभवतः एक या दो बार केरल गए हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा भी सिर्फ केरल गई हैं क्योंकि वे वहां की वायनाड सीट से सांसद हैं। इसके उलट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल के पहले डेढ़ महीने में दो—दो बार पश्चिम बंगाल और असम जा चुके हैं और एक—एक बार तमिलनाडु और केरल का दौरा कर चुके हैं। अमित शाह इन पांचों राज्यों का कम से कम एक—एक दौरा कर चुके हैं। बजट सत्र में ब्रेक होने के साथ ही प्रधानमंत्री असम के दौरे पर गए और अमित शाह पुडुचेरी पहुंचे। इसी हफ्ते अमित शाह असम जाने वाले हैं। एक महीने में यह उनका दूसरा दौरा होगा। लेकिन राहुल और प्रियंका के मोर्चे पर अचानक शांति छा गई।

# श्री विष्णु स्टारर मृत्युंजय का ट्रेलर रिलीज़, 6 मार्च को रिलीज होगी फिल्म



श्री विष्णु मृत्युंजय नाम की एक थ्रिलर के साथ एंटरटेन करने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म जो 27 फ़रवरी को रिलीज़ होने वाली थी, बाद में 28 फ़रवरी को शिफ्ट कर दी गई और आखिरकार मेकर्स ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज़ 6 मार्च 2026 को टाल दी।

अब, रिलीज़ से पहले, मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है। यंग टाइगर एनटीआर ने ट्रेलर रिलीज़ किया और मेकर्स को शुभकामनाएं दीं। यह पता है कि प्रोड्यूसर सनी, एनटीआर के करीबी हैं और इसलिए एनटीआर ने ट्रेलर रिलीज़ किया और पोस्ट किया, सनी कई सालों से मेरी ज़िंदगी का एक ज़रूरी हिस्सा रहे हैं। हमारी 18 साल की दोस्ती में, मैंने देखा है कि सनी में अपने पिता, गुन्नम गंगाराजू गारू की तरह ही अनोखी कहानियों को पहचानने की आदत है। मुझे उन पर बहुत गर्व है क्योंकि वह अपने पहले वेंचर, मृत्युंजय में कदम रख रहे हैं।

ट्रेलर में कई दिलचस्प और दिलचस्प बातें हैं, जो तब दिखाई जाती हैं जब श्री विष्णु ष्टब्क्ष्ठ में नौकरी पाने की कोशिश करते हैं और फेल होने के बाद भी, वह रहस्य को सुलझाने के मिशन पर निकल पड़ते हैं।

## आंखों पर काला चश्मा और गले में रुद्राक्ष की माला, 'भूत बंगला से सामने आया अक्षय कुमार का नया लुक

अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगलाझ् अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर—कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। यही कारण है कि फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब आज मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं। इस पर बैठे अक्षय कुमार भी मुंह फैलाए हुए हैं।

आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं। जबकि एक हाथ में वो माला जप भी रहे हैं। एक लुंगी या धोती जैसी पहने अक्षय कुमार शर्टलेस नजर आ रहे हैं। अक्षय का ये लुक किसी तांत्रिक से मिलता—जुलता मालूम पड़ता है।


# तीसरा वनडे 185 रन से जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने भारत का किया व्हाइटवॉश




नईदिल्ली, कप्तान एलिसा हीली के 158 रन और अलाना किंग की शानदार गेंदबाजी (4—33) की मदद से ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने भारतीय महिला टीम को 185 रनों से हरा दिया. रविवार (1 मार्च) को बेलेरिव ओवल में खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के तीसरे व अंतिम वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने पहले 409 रनों का विशाल स्कोर बनाया और फिर 45.1 ओवर में भारत की पारी को 224 रनों पर ही समेट दिया. इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज 3—0 से अपने नाम कर लिया.

इससे पहले, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 409/7 का बड़ा स्कोर बनाया. कैप्टन एलिसा हीली ने अपने आखिरी वनडे मैच में 158 रन की शानदार पारी खेली, जबकि बेथ मूनी 106 रन बनाकर नाबाद रहीं.भारत की शुरुआत खराब रही, स्मृति मंधाना दूसरे ओवर में निकोला कैरी की गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गईं. प्रतीक रावल और जेमिमा रोड्रिग्स ने पारी को फिर से संभालने की कोशिश की और दूसरे विकेट के लिए 52 रन जोड़े. प्रतीका ने आठवें ओवर में आउट होने से पहले 21 गेंदों पर 27 रन बनाए.इसके बाद एश्ले गार्डनर ने जेमिमा को आउट किया, जिन्होंने 29 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 42 रन बनाए. कैप्टन हरमनप्रीत कौर और हरलीन देओल ने मिलकर 34 रन जोड़े, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने जल्दी वापसी की. हरलीन, हरमनप्रीत, ऋचा घोष और काश्वी गौतम पांच ओवर के अंदर आउट हो गईं, जिससे भारत एक समय 137/7 पर संघर्ष कर रहा था.दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा ने आठवें विकेट के लिए 63 रन जोड़कर मैच को देर तक टाला. दीप्ति ने 47 गेंदों पर 29 रन बनाए, इससे पहले कि वह 40वें ओवर में अलाना किंग की गेंद पर बोल्ड हो गईं. राणा ने 44 रन बनाए, लेकिन जॉर्जिया वेयरहम ने आखिरी विकेट लिया और भारत 45.1 ओवर में ऑल आउट हो गया.दिन की शुरुआत में, ऑस्ट्रेलिया ने अच्छी शुरुआत की और पहले पांच ओवर में 27 रन बनाए. भारत को शुरुआती सफलता तब मिली जब काश्वी गौतम ने फोएबे लिचफील्ड को 14 रन पर आउट किया.

# आदिवी शेष की डकैत की बदली रिलीज डेट



19 मार्च 2026 को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त क्लैश देखने को मिलेगी। क्योंकि इस दिन बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्में 'टॉक्सिकझ् और 'धुरंधरः द रिवेंजझ् रिलीज होने वाली हैं। दोनों ही फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। इन्हीं फिल्मों के साथ 19 मार्च को आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की 'डकैतः एक प्रेम कथाझ् भी रिलीज होनी थी। लेकिन अब 'डकैतझ् के मेकर्स ने इस क्लैश से बचने के लिए अपनी फिल्म आगे बढ़ा ली है।

'टॉक्सिकझ् और 'धुरंधरः द रिवेंजझ् जैसी बड़ी फिल्मों की टक्कर से बचने के लिए 'डकैतझ् के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज आगे बढ़ाने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 मार्च को रिलीज होने वाली 'डकैतझ् अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फैसले की वजह 'टॉक्सिकझ् और 'धुरंधर 2झ् जैसी फिल्मों की क्लैश से होने वाले नुकसान से बचना है। ताकि 'डकैतझ् लंबे समय के लिए सिनेमाघरों में बनी रहे और दर्शक जुटाती रहे। 'डकैतझ् के निर्माताओं ने दोनों फिल्मों और उनकी क्रिएटिव टीमों के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया ताकि फिल्म को उसका उचित स्थान मिले और दर्शक प्रत्येक फिल्म को अपने—अपने तरीके से अनुभव कर सकें।

## जसप्रीत बुमराह ने टी—20 क्रिकेट में छठी बार किया शिमरोन हेटमायर को आउट

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने रविवार (1 मार्च) को बड़ा कमाल किया। टी—20 विश्व कप 2026 के 52वें मुकाबले में उन्होंने शानदार फॉर्म में चल रहे शिमरोन हेटमायर को पवेलियन भेजा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में बुमराह ने 12वें ओवर में वेस्टइंडीज को 2 झटके दिए। उनकी इस धारदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज का मध्यक्रम पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। हेटमायर के खिलाफ बुमराह के आंकड़े कमाल के रहे हैं, आइए उसपर नजर डालते हैं।वेस्टइंडीज की पारी में हेटमायर तब बल्लेबाजी के लिए आए, जब टीम का स्कोर 68 रन पर एक विकेट था। इसके बाद उन्होंने 12 गेंदों पर 27 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 1 चौका और 2 छक्के निकले। हालांकि, तेज गेंदबाज बुमराह की शॉर्ट लेंथ गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में हेटमायर चूक गए। गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों में चली गई ,

# लुंगी एनगिडी टी—20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने



नईदिल्ली, टी—20 विश्व कप 2026 के 51वें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह टी—20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रोटियाज टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के रयान बर्ल (5) को आउट कर ये उपलब्धि हासिल की। इस खिलाड़ी ने स्पिन गेंदबाज तबरेज शम्सी को पीछे छोड़ा है। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। एनगिडी ने 63 मुकाबले खेले हैं और इसकी 63 पारियों में 20.32 की औसत और 8.58 की इकॉनमी रेट से 90 विकेट लिए हैं। उन्होंने 3 बार 4 विकेट हॉल और 1 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/39 का रहा है। शम्सी ने 70 पारियों में 20.89 की औसत से 89 विकेट लिए हैं। उनकी इकॉनमी रेट 7.39 की रही है। कगिसो रबाडा 82 विकेट के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। एनगिडी ने मैच में 4 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ 29 रन देकर 1 विकेट अपने नाम किया। उनकी इकॉनमी रेट 7.20 की रही। इस तेज गेंदबाज ने साल 2022 के विश्व कप में अपना पहला मुकाबला खेला था। अब तक उन्होंने 10 मैच की 10 पारियों में 14.73 की औसत से 19 विकेट लिए हैं। उन्होंने 2 बार 4 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं और उनकी इकॉनमी रेट 7.60 की रही है।

## एक नजर

### पिछले पांच दिनों में, दिल्ली एरिया से 14 लाख यात्रियों ने की यात्रा

नई दिल्ली : उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए, खासकर होली का त्योहार मनाने के लिए देश के पूर्वी हिस्सों में जाने वालों की सुविधा के लिए दिल्ली एरिया के स्टेशनों पर बेहतर इंतज़ाम किए हैं।हिमांशु शेखर उपाध्याय मुख्य जनसंपर्क अधिकारी उत्तर रेलवे ने बताया कि सोमवार को दिल्ली एरिया के बड़े स्टेशनों से 22 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई।

गत रविवार को भी 22 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं और दिल्ली एरिया से लगभग 3.36 लाख यात्री अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए, यानी पिछले साल की इसी तारीख (होली से 3 दिन पहले 11.03.2025) की तुलना में 18.07 प्रतिशत से ज्यादा। पिछले पांच दिनों में, दिल्ली एरिया से लगभग 14 लाख यात्रियों ने यात्रा की है। दिल्ली एरिया के बड़े स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ की लगातार मॉनिटरिंग के आधार पर मंगलवार को भी 22 स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना है। उत्तर रेलवे के अधिकारी यात्रियों के लिए आसान और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली एरिया के बड़े स्टेशनों पर भीड़ की स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं।

### श्रीनगर में खेली गई पारंपरिक भस्म होली

श्रीनगर गढ़वाल : नागेश्वर महादेव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद भगवान भोलेनाथ के साथ पारंपरिक भस्म होली खेली गई। महंत नितिन पुरी ने बताया कि भस्म भगवान शिव को अतिप्रिय है इसलिए यह परंपरा विशेष श्रद्धा के साथ निभाई जाती है।

देर शाम को आयोजित भस्म होली के दौरान हर-हर महादेव के जयकारे लगे। भस्म होली के बाद विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद रंगयात्रा निकाली गई जो सब्जी मंडी, गोला पार्क, वीरचंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग होते हुए गुरुद्वारा रोड तक पहुंची। रंगयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पारंपरिक होली गीत गाए और अबीर-गुलाल उड़ाते हुए पूरे नगर को होली के रंग में सराबोर कर दिया। दिनभर उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहा। (एजेंसी)

### सुमाड़ी गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटी जखेड़ का राजस्व गांव सुमाड़ी आज भी सड़क सुविधा से वंचित है। स्थिति यह है कि ग्रामीणों को आज भी गंतव्य तक जाने के लिए तीन से चार किलोमीटर तक पैदल दूरी तय करनी पड़ रही है।

ग्राम प्रधान संध्या देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत यातायात सुविधा से जोड़ा गया था लेकिन सुमाड़ी गांव में अब तक सड़क नहीं पहुंच पाई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में शासन स्तर से सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति भी मिली थी। इसके बाद भी काम शुरू नहीं हो सका। सड़क निर्माण की फाइल पिछले चार वर्षों से वन विभाग और लोक निर्माण विभाग के बीच अटकी हुई है। ग्रामीणों ने संबंधित विभागों से जल्द से जल्द वन भूमि संबंधी अड़चन दूर कर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। वहीं लोनिवि कीर्तिनगर के सहायक अभियंता मनोज कोटला ने बताया कि मार्ग निर्माण से संबंधित पत्रावली नोडल स्तर पर लंबित है और ऑनलाइन अपलोडिंग की प्रक्रिया जारी है। (एजेंसी)

### होली के गीतों पर झूमे लोग

श्रीनगर गढ़वाल : लक्ष्य फाउंडेशन की ओर से भक्तियाना में होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की पत्नी डॉ. दीपा रावत ने कार्यक्रमों को संस्कृति संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

गायक डॉ. संजय पांडेय व लता पांडेय की जोड़ी ने एक से बढ़कर एक होली गीतों की प्रस्तुति दी। साथ ही रंगकर्मी विमल बहुगुणा ने भी होली गीतों पर लोगों को खूब झुमाया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, गणेश भट्ट, प्रमिला भंडारी, शांति भट्ट, विजयलक्ष्मी रतूड़ी आदि मौजूद रहे। वहीं किड्स वर्ल्ड स्कूल श्रीकोट में रंगोत्सव आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रधानाचार्य रेखा रावत, शिक्षिका प्रियंका, ज्योति गैरोला, निर्मला, दीप्ति आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# चौक-चौराहों पर सजी होलिका, पूजन के साथ होलिका का दहन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रत्येक वर्ष फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की रात को होलिका दहन करने की परंपरा है। कोटद्वार शहर में में भी होलिका दहन को लेकर उत्साह देखने को मिला। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर होलिका सजाई गई थी। लोगों ने पूजन के बाद होली का दहन किया। देर रात तक युवा डीजे की धुन पर नाचते रहे।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में होली का पर्व का उत्साह देखने को मिला। कोटद्वार के झंडाचौक में कांवड़ सेवा समिति की ओर से होलिका दहन का आयोजन किया। वहीं, देवी मंदिर में भी मंदिर समिति की ओर से होली का दहन किया गया। सुबह से ही महिलाएं झंडाचौक में पहुंचना शुरू हो गई थी। देर शाम तक महिलाओं ने झंडा चौक में होलिका पूजन किया। रात्रि करीब साढ़े आठ बजे रीति-रिवाज के साथ होलिका दहन किया गया। जैसे ही होलिका जली, होलिका की गोद में बैठे प्रह्लाद को हटा दिया गया। होलिका दहन के दौरान बड़ी तादाद में क्षेत्रीय जन मौजूद रहे। इधर, दोपहर से ही झंडाचौक पर डीजे की धुन में युवा थिरकने लगे थे। गाड़ीघाट, मानपुर, तड़ियाल चौक सहित अन्य स्थानों पर होलीका का दहन किया गया।


कोटद्वार में होलिका का दहन करते लोग

# होली के गीतों पर झूमें बच्चे


होली पर्व में प्रस्तुति देते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : होली पर्व पर अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज बल्ली में एमिनेंट एक्सपर्ट एवं रंगोत्सव कार्यक्रम हुआ।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी (सेनि) प्रदीप सिंह रावत व मुकेश बहुगुणा ने किया। प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल ने विद्यार्थियों को होली के महत्व के बारे में बताया। कहा कि होली हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ त्योहार है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। कहा कि जीवन में सफलता के लिए सही दिशा में कार्य करना आवश्यक है। इस दौरान विद्यार्थियों ने मत मारो मोहन लाल पिचकारी.., हर-हर पीपल पात..., जय देवी अंबे भवानी.. सहित होली के अन्य गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर पीटीए संरक्षक जगदीश प्रसाद बेबनी, सुषमा रावत, सुभा देवी आदि मौजूद रहे।

# वार्ता के लिए सुमाड़ी पहुंचे अफसर, नहीं निकला कोई परिणाम

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड खिर्सू के सुमाड़ी गांव में बन रहे एनआईटी (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान) के स्थायी परिसर का निर्माण कार्य सोमवार को दूसरे दिन भी ठप रहा।

प्रशासन की मौजूदगी में ग्रामीणों व निर्माणदायी कंपनी के अधिकारियों के बीच वार्ता का प्रयास किया गया, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकल पाया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तनातनी हो गई।

सोमवार को श्रीनगर तहसीलदार दीपक भंडारी और कार्यदायी संस्था सेम इंडिया के जीएम संतोष प्रसाद व एडवाइजर परमानंद चतुर्वेदी धरने पर बैठे ग्रामीणों से वार्ता के लिए पहुंचे लेकिन दोनों पक्षों के बीच शुरुआत से ही तनातनी हो गई। विवाद बढ़ने पर वार्ता बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्थानीय श्रमिकों को बिना पूर्व सूचना और ठोस कारण के नौकरी से हटाया गया है। परियोजना के लिए गांववासियों ने भूमि निःशुल्क दी, लेकिन अब रोजगार में स्थानीय लोगों की अनदेखी की जा रही है। तीन युवतियों को सेवा से हटाने के मुद्दे पर भी ग्रामीण आक्रोशित हैं। साथ ही निर्माण स्थल पर मलबे के निस्तारण और पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी के आरोप भी लगाए गए हैं।

## होली हमारी संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि होली हमारी लोक संस्कृति की पहचान है। हमें अपने बच्चों को अपनी संस्कृति व सभ्यता के प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने लोगों से शांति पूर्वक होली का त्योहार मनाने की भी अपील की।

क्षेत्र में विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से आयोजित होली महोत्सव कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ रंगोत्सव की खुशियां साझा कीं। वार्ड नंबर- 36, लोकमणिपुर में कुमाऊंनी सामाजिक सांस्कृतिक मैत्री समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने आमजन को होली के महत्व के बारे में बताया। भाजपा भाबर मंडल महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सिमरन बिष्ट की ओर से शिव मंदिर झंडीचौड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंची विस अध्यक्ष ने शहरवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत विस अध्यक्ष ने मालगोदाम रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ होली खेली। उन्होंने कहा कि हमें शांति पूर्वक अपने त्योहारों को मनाना चाहिए।

# सौरभ मैठाणी के गीतों पर झूमे श्रोता

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : डू समथिंग सोसाइटी की ओर से होलीकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रोता सौरभ मैठाणी के लोक गीतों पर खूब झूमे।

दुर्गापुरी में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवसियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक प्रकाश चंद्र कोठारी व सत्यप्रकाश थपलियाल ने किया। वक्ताओं ने लोगों को होली के महत्व के बारे में बताया। कहा कि होली हमारी संस्कृति व सभ्यता की पहचान है। इसके उपरांत लोक गायक सौरभ मैठाणी ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। सौरभ मैठाणी व उनकी टीम ने मैं पहाड़ों कु रैबासी, वखी मैरू गौं.... सहित विभिन्न लोक गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। खेल व कोचिंग के क्षेत्र में सूरज रमोला, योग के क्षेत्र में सार्थक कंडवाल, पत्रकारिता के क्षेत्र में महताब खान चांद व विकास आर्य, राजनीतिक क्षेत्र में कुंज अग्रवाल, साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में आकाश बडोला, पशुपालन के क्षेत्र में देवांश रावत, कृषि के क्षेत्र में अरबाज, चिकित्सा के क्षेत्र में डा. शशांक बलूनी व डा. शलभ अग्रवाल, शिक्षा व लोक संस्कृति के क्षेत्र में नवीन बिष्ट, आर्मी फुटबाल कोच अरूण नेगी, टेबल टेनिस कोच अंकुर तोमर के अलावा आशीष नेगी, पुलिस क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल, आकाश कुंवर, सुरेश फुलारा, सिमरन नेगी, संध्या बौड़ाई, डा. रितु ठाकुर, नवीन बिष्ट, संदीप बिष्ट, गुरप्रीत, रिमझिम अग्रवाल, सुभाष पांडे को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, पूर्व महापौर हेमलता नेगी, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पं. राजेंद्र प्रसाद अण्थ्वाल, सिंधु कोठारी, मयंक प्रकाश कोठारी, विपिन जदली, सुनीता नैथानी, सुमन कोटनाला, महेंद्रपाल सिंह रावत, रंजना रावत सहित कई अन्य मौजूद रहे।


कोटद्वार के एमकेवीएन परिसर में गीतों की प्रस्तुति देते सौरभ मैठाणी

# मॉडल के माध्यम से बच्चों ने दिया वैज्ञानिक सोच का परिचय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : निंबूचौड़ स्थित क्रेडल प्ले पब्लिक स्कूल में विज्ञान दिवस के अवसर पर वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न मॉडल प्रस्तुत कर वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राइवेट स्कूल वैलफेयर के अध्यक्ष अजयपाल सिंह रावत, विद्यालय की प्रबंधक रेणुंका गुसांई, सुनीता कोटनाला व बलवीर सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने विज्ञान, पर्यावरण, शिल्पकला व रोबोटिक्स सहित विभिन प्रकार के क्रियाशील मॉडलों को प्रस्तुत किया। प्राथमिक वर्ग के छात्र-छात्राओं ने ग्लोबल वार्मिंग से होने वाले खतरों व उनके उपायों को चित्रों के माध्यम से बहुत सुंदर ढंग से समझाया गया। विद्यालय की प्रबंधक रेणुका गुसांई ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी का मुख्य उदेश्य बच्चों में तार्किक सोच शोध की प्रवृत्ति को बढावा देना है। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाउंनी, राजस्थानी, पंजाबी सहित विभिन्न लोक गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुतियां दी दी गई। इस मौके पर लता बिष्ट, राजीव गुसांई, गणेश ध्यानी, केके कुकरेती मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान सांस्कृति प्रस्तुति देती छात्राएं

## गढ़वाल विवि का 12वां दीक्षांत समारोह 24 मार्च को

जयन्त प्रतिनिधि। श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि का 12वां दीक्षांत समारोह आगामी 24 मार्च को आयोजित किया जायेगा। इसको लेकर गढ़वाल विवि प्रशासन ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नोटिफिकेशन जारी करते हुए गढ़वाल विवि के कुलसचिव अनीस-उज-जमान ने बताया कि गढ़वाल विवि के 2023-24 और 2024-25 बैच के पास आउट स्नाकोत्तर विषय के छात्र-छात्राएं दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करे सकते है। साथ ही जिन छात्रों का 15 मार्च तक पीएचडी मौखिक परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न हुई हो वह शोध छात्र 12वीं दीक्षांत सामारोह में प्रतिभाग कर सकता है। बताया कि दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करने के लिए छात्रों के लिए 16 और 17 मार्च को पंजीकरण के लिए पोर्टल खोला जायेगा। जबकि स्वर्ण पदक प्राप्त छात्रों के लिए 17 मार्च को अपना पंजीकरण पोर्टल पर कर सकते है।

# श्रीनगर रोडवेज आय के मामले में कीर्तिमान स्थापित किया

श्रीनगर गढ़वाल : होली पर्व पर यात्रियों की भारी भीड़ के बीच उत्तराखंड परिवहन निगम के श्रीनगर रोडवेज डिपो ने आय के मामले में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

निगम की ओर से होली को लेकर प्रतिदिन 2.14 लाख रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष श्रीनगर डिपो ने 1 मार्च को 2 लाख 31 हजार 925 रुपये की आय अर्जित कर निर्धारित लक्ष्य से अधिक लक्ष्य हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ श्रीनगर डिपो पूरे प्रदेश के 20 डिपो में पहले स्थान पर रहा। वहीं चार अन्य डिपो ने भी 102 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया लेकिन श्रीनगर ने सर्वाधिक आय अर्जित कर बाजी मार ली। डिपो के आंकड़ों के अनुसार 28 फरवरी को भी 1.90 लाख की आय हुई जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 89 प्रतिशत है। अधिकारियों का कहना है कि होली पर यह पहली बार है जब श्रीनगर डिपो ने इतना अधिक राजस्व अर्जित किया है। इस बार होली पर अन्य वर्षों की तुलना में अधिक संख्या में लोग अपने घरों को लौटे। श्रीनगर से देहरादून, दिल्ली, ऋषिकेश और पहाड़ी रूटों पर बसें खचाखच भरी रहीं। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएं भी की गईं। श्रीनगर डिपो की सहायक महाप्रबंधक अंजलिका शर्मा का कहना है कि यदि यही रफ्तार बनी रही तो आगामी दिनों में आय का आंकड़ा और बढ़ सकता है।

# भाषण में नेहा, श्रेया, कविता, संस्कृति व किरन ने मारी बाजी



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मेरा युवा भारत, पौड़ी गढ़वाल (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में हे.न.ब.ग.के. विश्वविद्यालय, बिड़ला परिसर श्रीनगर गढ़वाल में विकसित भारत युवा संसद उत्सव 2026 के अन्तर्गत जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विषय ह्लआपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सीखह्न पर आधारित भाषण प्रतियोगिता में नेहा, श्रेया, कविता, संस्कृति व किरन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका में सहायक प्रो. डॉ. नरेन्द्र सिंह चौहान, संपादक क्षेत्रीय संवाददाता गंगा असनोड़ा, रिसर्च स्कॉलर रितिक कुमार, कार्यक्रम समन्वयक, एनएसएस डॉ. राकेश नेगी, डॉ. श्री कृष्णन्न उनियाल रहे। मेरा युवा भारत पौड़ी के उपनिदेशक शैलेश भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद स्तर पर चयनित पांच विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर दिया जायेगा। राज्य स्तरीय में चुने गये प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर के लिए भेजा जायेगा। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित 03 प्रतिभागियों को भारतीय संसद नई दिल्ली में आमंत्रित किया जायेगा। साथ ही संसद में आयोजित विशेष सत्रों में अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन अपराजिता घिल्डियाल ने किया। इस मौके पर प्रियंका असवाल, कविता पंवार, सलोनी, किरन पुरोहित, विकास असवाल, रिया मेहता, नीरज आदि मौजूद थे।

## चंडीगढ़ इंटरनेशनल मैराथन में मीना ने जीते 75 हजार

श्रीनगर गढ़वाल : चंडीगढ़ प्रशासन एवं खेल विभाग की ओर से आयोजित प्रथम चंडीगढ़ इंटरनेशनल मैराथन में श्रीनगर की मीना कंडारी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अब उनका लक्ष्य आर्मी की ओर से 17 से 19 अप्रैल को हेलंग पीपलकोटी से ऊखीमठ तक होने वाली सूर्य देवभूमि ट्रेल रन में प्रथम स्थान हासिल करना है। मीना कंडारी (47) मूल रूप से पौड़ी जिले की बछणस्यूं पट्टी के गहड़खाल गांव की निवासी हैं। यहां वह अपने परिवार के साथ आम्रकुंज में रहती हैं। मीना ने बताया कि गत एक मार्च को चंडीगढ़ में हुई मैराथन में देश-विदेश के लगभग 50 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने रेस की विभिन्न श्रेणियों में हिस्सा लिया था। 42 किमी. दौड़ की महिला आयु वर्ग प्रतियोगिता में वह द्वितीय रहीं और 75 हजार रुपये की पुरस्कार राशि जीती। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) पौड़ी जिले के सचिव केसर सिंह कोटियाल ने कहा कि शादी के 25 साल बाद भी मीना ने मैराथन में शानदार प्रदर्शन किया। इससे पूर्व वह उत्तराखंड सरकार व पर्यटन विभाग की ओर से पिथौरागढ़ में आयोजित 42 किमी. आदि कैलाश अल्ट्रा मैराथन प्रतियोगिता में प्रथम, 21 किमी. रुड़की मैराथन में द्वितीय व फरवरी माह में ही हुई अमृतसर मैराथन में पांचवां स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। (एजेंसी)

# छात्र संघ के महासचिव अनुराग को किया सम्मानित


आयोजित कार्यक्रम में अनुराग कंडवाल को सम्मानित करते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : होली पर्व पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होली माहोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज सेवा के लिए छात्र संघ महासचिव अनुराग कंडवाल को सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ देवभूमि उत्कर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष डा. चंद्रमोहन बड़थ्वाल व डा. रमाकांत कुकरेती ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही बच्चों को होली के महात्म्य के बारे में भी बताया। कहा कि होली हमारी संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक है। हमें अपनी संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे का पर्व है। कहा कि आज का युवा ही देश का भविष्य है। कार्यक्रम के दौरान छात्र संघ महासचिव व नन्हीं दुनिया भावी राष्ट्र के अध्यक्ष अनुराग कंडवाल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर गेप्स के निदेशक राम भरोसा कंडवाल, छात्र संघ अध्यक्ष विकास कुमार, भूमिका जोशी, अमित काला, नमन भटनागर, ऋषभ आदि मौजूद रहे।

# गढ़वाल विवि में पीएचड़ी की 484 सीटों के लिए 15 मार्च तक भरे जायेंगे फार्म

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में सत्र 2025-26 के लिए 11 संकायों के 46 विषयों में 484 सीटों पर पीएचडी में प्रवेश होगा। इस बार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के आधार पर पीएचडी में प्रवेश होगा। विवि की ओर से पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

गढ़वाल विवि के कृषि एवं संबद्ध विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, पृथ्वी विज्ञान, शिक्षा, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी, कला एवं भाषाएं, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, जीवन विज्ञान, प्रबंधन तथा विधि संकाय शामिल हैं। इन संकायों के भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, जैव प्रौद्योगिकी, अंग्रेजी, हिंदी, समाजशास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान, पत्रकारिता, विधि और पर्यटन सहित 46 विषयों में शोध के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार इस सत्र में विश्वविद्यालय परिसरों, संबद्ध महाविद्यालयों तथा जेआरएफ श्रेणी सहित कुल 484 सीटों पर प्रवेश प्रस्तावित है। पात्रता के लिए अभ्यर्थी के पास न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों (आरक्षित वर्ग के लिए 50 प्रतिशत) के साथ स्नातकोत्तर उपाधि होना आवश्यक है।

उत्तर रेलवे
ई नीलामी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा अमरोहा तथा हापुड़ स्टेशन पर पार्किंग के कार्य को IREPS के माध्यम से ठेके पर देने हेतु ई बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 23.03.2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
उ.रे., मुरादाबाद
710/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### आग में जल रहे कुलसारी, देवसारी और सरकोट के जंगल

चमोली। क्षेत्र के जंगलों में आए दिन आग लगने से वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है। अब बीते रविवार से सरकोट व देवसारी के जंगल में भीषण आग लगी है। कुलिंग के जंगल में लगी आग बुझाने में वन विभाग की टीम ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने में लगी हुई है। कुलिंग के हुकम सिंह, सेलखोला के हेम मिश्रा, पूर्णा के ललित ने बताया कि जंगलों की आग के कारण क्षेत्र में धुआं छाया हुआ है। आंखों में जलन हो रही है और सांस के रोगियों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं वन दरोगा विजयपाल ने बताया कि पूर्णा के वन पंचायत की आग व कुलिंग की आग बुझा दी गई है। वन विभाग की टीम ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने में लगी है। उन्होंने लोगों से जंगल की आग बुझाने में लोगों से सहयोग की अपील की।

### कांडई चंद्रशिला गांव को सड़क से जोड़ने की मांग

चमोली। कांडई चंद्रशिला गांव के ग्रामीण आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीण वर्षों से सड़क की मांग कर रहे हैं लेकिन आज तक गांव को सड़क से नहीं जोड़ा जा सका है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी यदि जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होता तो आंदोलन किया जाएगा। ग्राम प्रधान भगत सिंह भंडारी, पूर्व प्रधान नवीन राणा, मदन सिंह भंडारी, अनसूइया राणा का कहना है कि कांडई चंद्रशिला गांव के लोगों को पोखरी बाजार आने के लिए करीब एक किमी खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने के लिए डंडी कंडी का सहारा लेना पड़ता है। लोग सामान पीठ पर ढोने के लिए मजबूर हैं। कई बार शासन–प्रशासन से सड़क की मांग कर चुके हैं लेकिन हर बार आश्वासन ही मिले हैं। उनके गांव में 70 से अधिक परिवार रहते हैं लेकिन सभी लोग सड़क न होने से परेशान हैं। उन्होंने चेतावनी दी यदि शीघ्र उनके गांव को सड़क से नहीं जोड़ा गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### अपर जिलाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

चमोली। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने सोमवार को राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गईं। उन्होंने वेयर हाउस में विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार दीपशिखा, मदन लोहानी, अनिल किशोर सिंह नेगी के साथ ही निर्वाचन विभाग से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

### सड़क और पुल के लिए आमरण अनशन पर बैठे ग्रामीण

रुद्रप्रयाग। सड़क निर्माण, नदी पर पुल निर्माण समेत कई लंबित मांगों के लिए ग्राम बड़ेथ, तालजामण, डुंगर, भटवाड़ी, जोला और पातियूं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण बसुकेदार में सोमवार को आमरण अनशन पर बैठ गए। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन भी भेजा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में भी कई बार समस्याएं उठाई गईं लेकिन केवल आश्वासन मिला। धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। कहा कि बीते वर्ष 28झ–29 अगस्त की आपदा के बाद से अब तक पुनर्निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। ग्राम बड़ेथ के बुगला तोक में प्रस्तावित मिनी स्टेडियम निर्माण लंबित है। बड़ेथ से भटवाड़ी सड़क का सर्वे होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ। इसके अलावा बड़ेथ–जोला–उछोला मार्ग की घोषणा के बाद भी निर्माण शुरू नहीं हुआ।

### 74 दिन से धरने पर बैठे आंदोलनकारियों ने उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

उत्तरकाशी। शहर में कूड़ा निस्तारण और ट्रेंचिंग ग्राउंड निर्माण की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता गोपीनाथ सिंह रावत के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना 74वें दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि ढाई माह से अधिक समय बीत गया लेकिन अभी तक न तो ट्रंचिंग ग्राउंड का निर्माण पूरा हो पाया है और न ही कूड़े के ढेर हटाए जा सके हैं। हनुमान चौक पर धरने का नेतृत्व कर रहे गोपीनाथ ने आरोप लगाया कि कूड़ा प्रबंधन के नाम पर बजट खर्च दिखाया जा रहा है जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य नजर नहीं आ रहा। उन्होंने कूड़ा प्रबंधन में संभावित भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# लोकल फॉर वोकल अभियान से सशक्त हो रहीं ग्रामीण महिलाएं

### रुद्रप्रयाग में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे प्राकृतिक हर्बल रंग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लोकल फॉर वोकल अभियान को जनपद रुद्रप्रयाग में निरंतर सफलता मिल रही है। इस अभियान के अंतर्गत स्थानीय महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में जनपद रुद्रप्रयाग में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों सहित होली की मिठाई गुजिया का निर्माण किया जा रहा है।



रुद्रप्रयाग जनपद के जवाड़ी, कुमोली, मायकोटी, मेदनपुर एवं ऊखीमठ क्षेत्र के गांवों में महिलाएं प्राकृतिक संसाधनों से हर्बल रंग तैयार कर रही हैं। इन रंगों को जनपद मुख्यालय, आसपास के स्थानीय बाजारों तथा विकास भवन सहित हिलान्स आउट लेट के माध्यम से विक्रय हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे महिलाओं को स्वरोजगार का नया अवसर प्राप्त हो रहा है, वहीं रसायनयुक्त रंगों से दूर रहने का संदेश भी आमजन तक पहुंच रहा है। महिलाओं द्वारा पालक से हरा रंग, हल्दी से पीला रंग, चुकंदर से गुलाबी एवं लाल रंग तथा गेंदा फूल से केसरिया रंग तैयार किए जा रहे हैं। इन प्राकृतिक रंगों की बाजार में अच्छी मांग देखने को मिल रही है, विशेष रूप से आगामी होली पर्व को देखते हुए। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक अनूप कुमार ने बताया कि प्राकृतिक रंगों के विक्रय से महिलाओं की आय में वृद्धि होगी तथा यह पहल स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि होली पर्व पर स्वदेशी एवं प्राकृतिक रंगों का ही उपयोग करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्राकृतिक रंग निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया है। अब वे अपने गांवों में ही हर्बल रंग तैयार कर रही हैं। होली पर्व पर इन रंगों की बिक्री से महिलाओं की आजीविका और अधिक सशक्त होगी।

# बच्चों को वितरित की कापियां



**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : शिक्षा परामर्श केंद्र सतपुली (द न्यू होप सोसायटी) के तत्वाधान में सोमवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय सतपुली के छात्र-छात्राओं को कापियां वितरित की गयी। केन्द्र के प्रबन्धक डॉ विजेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन आता है, जैसी शिक्षा होगी वैसा ही हमारा समाज होगा। डॉ. लता महासचिव सतगुरु कृपा माता सावित्री देवी ने जरूरत मंद बच्चों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग बच्चों की शिक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण है। कहा कि शिक्षा एक ऐसा गहना है जिसे कभी भी चुराया नहीं जा सकता। शिक्षा हासिल कर व्यक्ति अपना मुकाम हासिल कर सकता है। डॉ. विजेन्द्र सिंह ने कहा कि शीघ्र ही व्यापक स्तर पर छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा परामर्श सत्र का आयोजन किया जायेगा।

# अब गाड़ी गांव में भी नहीं बिकेगी शराब

चमोली। चमोली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब बंदी की मुहिम चल पड़ी है। एक के बाद एक गांव में लोग खुली बैठक में शराबबंदी का निर्णय ले रहे हैं। इसी क्रम में दशोली विकासखंड के गाड़ी गांव में भी शराब को प्रतिबंधित कर दिया गया है। गाड़ी गांव में हुई ग्रामीणों की खुली बैठक में शराबबंदी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सर्वसम्मति से फैसला लिया गया।

ग्राम प्रधान मंदोधरी देवी और महिला मंगल दल अध्यक्ष शांति देवी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव के किसी भी शादी विवाह या सार्वजनिक कार्यों में शराब प्रतिबंधित रहेगी। शराब परोसने वाले परिवार पर 21 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। शराब पीकर गांव में आने और माहौल बिगाड़ने वाले व्यक्ति पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। महिलाओं ने कहा कि शराब पीने और पिलाने वाले परिवार व व्यक्ति से सख्ती से निपटा जाएगा। जरूरत पड़ने पर इसमें पुलिस और प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा।

बैठक के बाद महिलाओं ने गांव में जागरूकता रैली भी निकाली बैठक में सरपंच पुष्पा देवी, चंदा देवी, मंगला देवी, हेमा देवी, जमुना देवी, जेठुली देवी, रामेश्वरी देवी, उर्मिला देवी, असाड़ी देवी, रजनी देवी, आशा देवी, कमला देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने बनाई कमेटी, सुंदर सिंह बने अध्यक्ष : आदिबदरी। तहसील के गांवों में बढ़ते शराब के प्रचलन को रोकने की मुहिम चल रही है। सोमवार को बेड़ी के ग्रामीणों ने भी शराब के प्रचलन का विरोध किया। इसके लिए एक कमेटी का गठन करते हुए सुंदर सिंह को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। ग्राम प्रधान बेड़ी मल्ली जयेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए कहा कि गांव में आयोजित शादी–समारोह में शराब परोसने और पीने पर प्रतिबंध रहेगा। जहां भी शराब परोसी जाएगी उन पर 25 हजार का जुर्माना लगेगा। जुआ खेलने वालों पर पांच हजार रुपये, अवैध शराब बेचने वालों पर 50 हजार रुपये का जुर्माना तथा सामूहिक रूप से कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सामाजिक विकृतियों को रोकने के लिए ग्रामीणों ने कमेटी का गठन करते हुए सुंदर सिंह को अध्यक्ष, बीना देवी सचिव, देवेश्वरी देवी कोषाध्यक्ष और रामी देवी, मंजू देवी, चंदर सिंह, आनंद सिंह को सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में सतेश्वरी देवी, धनुली देवी, कमला देवी, नम्रता देवी, बीना देवी, माहेश्वरी देवी, कामेश्वरी देवी आदि मौजूद थे।

### बीए, बीएससी और बीकॉम बैक पेपर का जारी किया रिजल्ट

नई टिहरी। श्रीदेव सुमन विवि प्रशासन ने वार्षिक पैटर्न बीए, बीएससी और बीकॉम द्वितीय व तृतीय वर्ष बैक पेपर परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। छात्र–छात्राएं विवि की वेबसाइट पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। अपने मेले के माध्यम से अपनी अंक तालिका डाउनलोड भी कर सकते हैं। विवि के कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि वार्षिक पैटर्न बीए, बीएससी और बीकॉम द्वितीय व तृतीय वर्ष के सभी विषयों की (अंक सुधार) बैक पेपर परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। कुलसचिव ने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अंक तालिका प्रिंट करने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जा रही है। अंक तालिकाएं विवि से संबद्ध कॉलेजों को भेजी जाएगी। अंक तालिका के लिए किसी भी छात्र को विवि मुख्यालय बादशाहीथौल आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अंक तालिका के लिए छात्र–छात्राएं अपने परीक्षा केंद्र पर संपर्क करते रहे। उन्होंने बताया कि अन्य कक्षाओं का मूल्यांकन का कार्य भी अंतिम चरण में है। 20 मार्च तक विवि ने सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# हिमालय के खूबसूरत ट्रैकिंग रूट्स से परिचित कराएगा टिहरी लेक फेस्टिवल

देहरादून। टिहरी के पयर्टन को बढ़ावा देने के लिए आगामी 6 से 9 मार्च के बीच आयोजित किए जा रहे टिहरी लेक फेस्टिवल के दौरान, जिले में 9 स्थानों पर ट्रैकिंग अभियान भी संचालित किए जाएंगे। जिसके जरिए प्रतिभागी, हिमालय की खूबसरती का दीदार करने के साथ ही ग्रामीण जनजीवन से भी परिचित होंगे। झील के कारण टिहरी, हाल के समय में वाटर स्पोर्ट्स का बड़ा डेस्टिनेशन बन चुका है। लेकिन टिहरी में इसके अलावा भी पयर्टकों के लिए बहुत कुछ छुपा हुआ है। खासकर पहाड़ी ढलानों, जंगलों और बुग्याल से होकर गुजरने वाले ट्रैकिंग रूट्स। इसलिए जिला प्रशासन टिहरी लेक फेस्टिवल के दौरान पयर्टकों को नया अनुभव दिलाने के लिए 9 स्थानों पर ट्रैकिंग अभियान संचालित करने जा रहा है। जिलाधिकारी नीतिका खंडेलवाल ने कहा कि इन ट्रैकिंग अभियानों का उद्देश्य केवल साहसिक गतिविधि तक सीमित नहीं है। यह पहल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और टिहरी को एडवेंचर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पयर्टकों के साथ प्रशिक्षित गाइड भी साथ चलेंगे, पयर्टकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए समुचित इंतजाम किए गए हैं।

**रात में एस्ट्रो नाइट :** फेस्टिवल के दौरान 'एस्ट्रो नाइट' का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें साफ आसमान के नीचे तारों का अवलोकन कराया जाएगा। दिन में ट्रैकिंग और रात में तारामंडल का अनुभव–यह संयोजन प्रतिभागियों को प्रकृति से गहरे जुड़ाव का अवसर देगा। टिहरी जिला प्रशासन और उत्तराखंड पयर्टन विकास परिषद के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किए जा रहे टिहरी लेक फेस्टिवल का शुभारंभ 6 मार्च को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों किया जाना प्रस्तावित है।

**कार्यक्रम**

7 मार्च

–थंगधार कोटिया से अगान , 05 किमी
–मंदार से पीडी पर्वत – 07 किमी
–आगराखाल से कसमोली बर्ल्ड ट्रेल , 08 किमी
–देवलसारी से नागटिब्बा – 08 किमी

**8 मार्च**

–टिहरी झील से कोत्था पिकनिक स्पॉट – 04 किमी
–गजा से घंटाकर्ण मंदिर 04 किमी।

# अल्मोड़ा पुलिस ने रिकवर किए 11.14 लाख के 76 मोबाइल

अल्मोड़ा। होली के मौके पर अल्मोड़ा पुलिस ने लोगों को खास तोहफा देते हुए गुम हुए 76 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपे। साइबर सेल की इस कार्रवाई में करीब 11.14 लाख रुपये कीमत के मोबाइल विभिन्न राज्यों से रिकवर किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के नेतृत्व में साइबर सेल की टीम ने लगातार प्रयास करते हुए मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, दिल्ली, बिहार और राजस्थान समेत विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसएसपी ने मोबाइल स्वामियों को उनके फोन लौटाते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। अपने गुम हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। कई लोगों ने कहा कि उन्हें मोबाइल वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन पुलिस की तत्परता से उनका भरोसा और मजबूत हुआ है। लोगों ने




साइबर सेल टीम का आभार जताया। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत संचार साथी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें और नजदीकी थाने या साइबर सेल को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस पूरी कार्रवाई में प्रभारी एसओजी सुनील धानिक, अपर उपनिरीक्षक फिरोज खान, कांस्टेबल चन्दन सिंह, हरीश प्रसाद, इरशाद उल्ला, गणेश पाण्डे और राजेश भट्ट की अहम भूमिका रही।

### पर्यावरण संरक्षण में भी जुटे बाल कवि कार्तिक

चमोली। गढ़वाली बोली–भाषा के संरक्षण के साथ ही बाल कवि कार्तिक तिवारी पर्यावरण संरक्षण में भी जुटे हुए हैं। सोमवार को होली पर्व की पूर्व संध्या पर कार्तिक ने बंज्वाणी के जंगल में पौधरोपण कर धरती को हरभरा बनाने और पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाने का संदेश दिया। कार्तिक अभी तक दो हजार से अधिक पौधों का रोपण कर चुके हैं।

श्रीरामचंद्र भट्ट विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोपेश्वर में नौवीं कक्षा के छात्र कार्तिक (13) को छोटी उम्र से ही पर्यावरण और बोली भाषा के संरक्षण की ललक है। कार्तिक की माता तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित मीना तिवारी भी पर्यावरण संरक्षण में जुटी हैं। कार्तिक भी उन्हीं के पदचिह्नों पर चल रहे हैं। कार्तिक अभी तक गढ़वाली बोली–भाषा के संरक्षण पर कई कविताएं भी लिख चुका है।

# जिला अस्पताल में नहीं खुल पाई पुलिस चौकी

उत्तरकाशी। जिला अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ मारपीट व अभद्रता की घटनाओं को लेकर कई बार चर्चाओं में रहा है। अस्पताल स्टाफ लंबे समय से परिसर में स्थायी पुलिस चौकी खोलने की मांग करता आया है लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वर्ष 2017 में कोतवाली पुलिस उत्तरकाशी ने सुरक्षा व्यवस्था के तहत अस्पताल परिसर में अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित की थी। उस समय तत्कालीन जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की ओर से इसका विधिवत उद्घाटन भी किया गया था। हालांकि, बाद में किन्हीं कारणों से यह चौकी हटा दी गई। पिछले कुछ वर्षों में अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ के साथ अभद्रता और मारपीट की घटनाएं बढ़ी है। गत वर्ष इमरजेंसी वार्ड में रात के समय डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया था। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस प्रशासन से स्थायी चौकी खोलने की मांग को फिर से प्रमुखता से उठाया। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीएस पोखरियाल के अनुसार, कई बार मरीजों के तीमारदारों की ओर से डॉक्टरों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। बीते वर्षों में सामने आए मामलों के कारण अस्पताल स्टाफ खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि डॉक्टरों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस चौकी का प्रस्ताव काफी पहले पुलिस प्रशासन को भेजा जा चुका है ।

# भटवाड़ी और चिन्यालीसौड़ में विराट हिंदू सम्मेलनों में जुटी भीड़

उत्तरकाशी। भटवाड़ी के रामलीला मैदान में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों की भीड़ जुटी। वहीं चिन्यालीसौड़ के बनचौरा क्षेत्र में भी हिंदू सम्मेलन हुआ जिसमें वक्ताओं ने हिंदुत्व, सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं समाज में जागरूकता विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। भटवाड़ी में आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता जिला प्रचारक गौतम ने कहा कि भारत में ऐसे हिन्दू सम्मेलनों की आवश्यकता है। आज भारत में सनातन धर्म को नष्ट करने का षड्यंत्र चल रहा है जिसका सामना करने के लिए हिंदुओं को जागृत करने का काम इन सम्मेलनों के माध्यम से हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशुतोषा नंद ने सभी से सनातन धर्म को मजबूत बनाने आह्वान किया। इस अवसर पर स्वाती नौटियाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनीता रावत, आरएसएस के जिला कार्यवाह कमलेश्वर रतूड़ी, विक्रम सिंह, खंड संघ संचालक केपी रतूड़ी, सतबीर नेगी, गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, विक्रम सिंह रावत, जगमोहन सिंह रावत, ब्लाक प्रमुख ममता पंवार, चतर सिंह, मनुजेन्द्र रावत आदि उपस्थित रहे। चिन्यालीसौड़ के बनचौरा क्षेत्र में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ किया गया।

### पीजी कॉलेज में किया जाए विषयों का संचालन

उत्तरकाशी। पीजी कॉलेज पुरोला में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में दर्जनभर महत्वपूर्ण विषय खोले जाने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर छात्र–छात्राओं ने आंदोलन की चेतावनी दी है। छात्र संगठन ने मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा है। स्पष्ट किया है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो कक्षाओं में ताला जड़कर धरना–प्रदर्शन और उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया है कि महाविद्यालय में कई आवश्यक विषय संचालित नहीं हैं जिससे विद्यार्थियों को अपनी पसंद के विषय चुनने में कठिनाई हो रही है। मनचाहे विषयों की पढ़ाई के लिए छात्रों को देहरादून और उत्तरकाशी जैसे शहरों की ओर जाना पड़ रहा है। छात्रों के अनुसार स्नातक स्तर पर भूगोल, संस्कृत, चित्रकला और गृहविज्ञान, तथा स्नातकोत्तर स्तर पर इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, भौतिक विज्ञान और गणित जैसे विषय उपलब्ध नहीं हैं। इससे विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुरूप विषय चयन का अवसर नहीं मिल पा रहा है।

# एक लाख की चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार, कार सीज

अल्मोड़ा। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 522 ग्राम चरस बरामद की है। बरामद चरस की कीमत एक लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक योगेश चन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग अभियान चलाए हुए थी।

बेस तिराहा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक आल्टो कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार, निवासी गौना, जलना, को मौके से गिरफ्तार कर लिया।



साथ ही वाहन को सीज करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से बरामद 522 ग्राम चरस की कीमत करीब 1.04 लाख रुपये है।



# कैरेबियन एफसी ने मॉर्निंग स्टार को हराकर जीत अपने नाम की

देहरादून। 14वें आयुष पंत मेमोरियल वन डे फुटबॉल टूर्नामेंट में कैरेबियन एफसी ने फाइनल में मॉर्निंग स्टार को 1–0 से हराकर खिताब जीत लिया। टूर्नामेंट सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल में खेला गया, जिसमें 24 टीमों ने भाग लिया। कैरेबियन एफसी के बतिस्ता को बेस्ट प्लेयर और मॉर्निंग स्टार के अंकित खरोला को बेस्ट गोलकीपर चुना गया।

### आरक्षित वन क्षेत्र में होने वाले कार्यों में सरपंचों को मिले वरीयता

चमोली। वन पंचायत सरपंच संगठन ने वन पंचायत के समीप आरक्षित वन क्षेत्र (सेंचुरी एरिया) में किए जाने वाले कार्यों में सरपंचों को वरीयता देने, बंदर और सुअर के उत्पात को कम करने के लिए बंदरबाड़ा बनाने के साथ ही कई मांगें उठाईं। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। कहा गया कि वे वन पंचायत की भूमि पर वन विभाग की ओर से किए जाने वाले कार्यों की कोई सूचना नहीं दी जाती है। जनपद के वन सरपंचों ने बैठक कर संगठन को मजबूती देने पर जोर दिया। कहा गया कि गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों में बंदर और लंगूरों का आतंक बढ़ गया है। इनके लिए बाड़े की व्यवस्था की जाए। उन्होंने पालतू सुअरों की नसबंदी करने, पालतू पशुओं व जनहानि का मुआवजा समय पर दिए जाने की मांग भी उठाई।

# लामकंडे की नहर और स्कूल भवन की मरम्मत करने की मांग उठाई

नई टिहरी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में दूर–दराज से पहुंचे लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं रखते हुए शीघ्र निस्तारण की मांग की।

कार्यक्रम में पेयजल, ग्राम पंचायत,विद्युत और वन विभाग से संबंधित समस्याएं अधिक दर्ज कराई गई। डीएम नितिका खंडेलवाल ने अधिकारियों को कार्यक्रम में उठाई गई समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में प्रतापनगर के ल्वारखा गांव से पहुंचे प्रेमलाल ने लंबगांव–बिजपुर–पुजारगांव–डोडग थापला मोटर मार्ग के लिए अधिग्रहण की गई जमीन का मुआवजा दिलाने की मांग की। प्रधान दिनेश सिंह रावत ने लामकंडे की की नहर और प्राथमिक स्कूल भवन की मरम्मत करने की मांग की। भेटी की शीतला देवी ने अपनी मां जी की सहकारी समिति में जमा धनराशि दिलाने की मांग की। जाखणीधार व्यापार मंडल अध्यक्ष गुरु प्रसाद लसियाल ने जल जीवन मिशन के तहत जाखणीधार बाजार में बनाए गए 40 हजार लीटर क्षमता का पेयजल टैंक का भुगतान कराने की मांग की। खोला के प्रधान विरेंद्र लाल ग्राम पंचायत के जल स्रोत से पेयजल उपलब्ध कराने पर ज्यादा बिल वसूलने का आरोप लगाया है। नरेंद्रनगर के कखील गांव निवासी संगीता देवी ने राशन कार्ड और जीराम जी मनरेगा जॉब कार्ड बनाने की मांग की। तल्ली बागी निवासी मौ. आरिफ ने अपने आवास के समीप रिक्त भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग की।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469 / 79

फोन / फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com